हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–63 : जौनपुर, सोमवार 31 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी कल दे सकते हैं 1670 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात : डेटा सेंटर का किया लोकार्पण

नोएडा ब्यूरो : यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ गौतम बुद्ध नगर में ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क पहुंच गए हैं। उन्होंने यहां डेटा सेंटर का लोकार्पण किया। इसके बाद मंगलवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यूपीसीडा की 1670 करोड की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल समेत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 31 अक्तूबर और एक नवंबर को ग्रेटर नोएडा में रहेंगे। इसी के मद्देनजर ग्रेटर नोएडा में निजी ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। वहीं, एक नवंबर को इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित होने वाले वाटर वीक–2022 में एक्सपो मार्ट के आस–पास अर्धसैनिक बलों की तैनाती रहेगी। इसके अलावा जिले में आ रहे वीआईपी की सुरक्षा के लिए 1500 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। आगरा व मेरठ जोन से पुलिसकर्मी ग्रेटर नोएडा आएंगे। डीसीपी ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम स्थल को तीन जोन में बांटा गया है। हर जोन में डीसीपी स्तर के अधिकारी कमांडर होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पिछले कई दिन से प्राधिकरण और पुलिस–प्रशासन तैयारियों में जुटे थे। मुख्यमंत्री का काफिला जहां से गुजरेगा उन क्षेत्रों में सड़क निर्माण और मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा गया। गोल चक्करों को सजाया गया है और लाइटें लगवाई गई हैं। वहीं, ग्रेनो में करीब 48 करोड़ की एलइडी लाइटें लगवाई गई हैं। बता दें कि एक नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में वाटर वीक का उद्घाटन करेंगी। इंडिया वाटर वीक में दो हजार से अधिक विदेशी प्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं। मंगलवार सुबह राष्ट्रपति के वाटर वीक कार्यक्रम में



सीएम शामिल होंगे और दोपहर को ग्रेनो प्राधिकरण कार्यालय के सामने पार्क में जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां पर 17 साल से लंबित चल रही गंगाजल परियोजना शहरवासियों को समर्पित की जाएगी। इसके अलावा भी करोड़ों रुपये की लागत की परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री जिले के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर नगर निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। पहली बार आएंगी राष्ट्रपति मुर्मू इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित हो रहे इंडिया वाटर वीक का एक नवंबर को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू पहली बार नोएडा आएंगी। इंडिया वाटर वीक के 7वें संस्करण में दुनियाभर से दो हजार से अधिक लोग जल संरक्षण, नदियों में कम होता पानी आदि विषयों पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। यह कार्यक्रम पांच नवंबर तक चलेगा। कई देशों के कृषि मंत्री के भी शामिल होने की उम्मीद है। यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह समेत कई अन्य मंत्री भी आएंगे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कार्यालय समाज कल्याण अधिकारी का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कार्यालय समाज कल्याण अधिकारी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों का गहनता से निरीक्षण किया। उपस्थिति पंजिका निरीक्षण में पाया कि सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। वरिष्ठ सहायक राम जतन एवं पीयूष पांडेय से आधार प्रमाणीकरण हेतु अवशेष वृद्धा पेंशन के लाभार्थियों की संख्या की जानकारी ली। वरिष्ठ सहायक पियूष पांडेय ने बताया कि 19000 लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण होना अवशेष है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए कार्य पूर्ण करें। सभी पटलो पर संबंधित कर्मचारी का नेम प्लेट और मोबाइल नंबर अंकित कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ सहायक राकेश कुमार सिंह को निर्देशित किया कि सचिवों का रोस्टर अपडेट करते हुए अवगत कराएं और सभी सचिवों से फोन कर जानकारी प्राप्त करे कि सचिव रोस्टर के हिसाब से बैठ रहे हैं कि नहीं। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित किया कि कार्यालय में गुटखा का सेवन न करें । उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि पत्रावलियों का रख–रखाव अच्छे से किया जाए। कार्यालय में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यालय में आने वाले लोगों से अच्छा व्यवहार करते हुए उनके समस्याओं का समाधान कर संतुष्ट किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 12वीं किस्त से 1.35 लाख लाभार्थी वंचित : भूलेख सत्यापन के लिए बनाई गई हेल्पडेस्क

जौनपुर सू.वि. : प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत कृषकों के भूलेख सत्यापन नहीं होने से जिले में एक लाख 35 हजार लाभार्थी किसान सम्मान निधि से वंचित हो गए है। वंचित किसानों को भूलेख सत्यापन एवं ई–केवाईसी के बाद ही उनके खाते में निधि भेजी जाएगी। भूलेख सत्यापन के लिए ब्लॉकवार हेल्पडेस्क स्थापित कर दी गई है। अपने नजदीकी हेल्पडेस्क से सम्पर्क/बातचीत कर किसान भूलेख सत्यापन करा सकते है तथा अपने नजदीकी सीएससी से ई–केवाईसी करा कर योजना का लाभ ले सकते है। जिले में करीब सात लाख 35 हजार किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। हालही में 12वीं किस्त जारी हुई है। जिसमें से छह लाख किसानों के खाते में ही किसान सम्मान निधि पहुंच सकीं है। शेष एक लाख 35 हजार कृषकों का भूलेख सत्यापन नहीं होने के कारण उनकी किस्त रोक दी गई है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर वंचित किसानों के लिए ब्लॉकवार हेल्प डेस्क/कंट्रोल रूम स्थापित की गई है। अपर जिला कृषि अधिकारी डा0 रमेश चंद्र यादव ने बताया है कि भूलेख सत्यापन नहीं कराने वाले एक लाख 35 हजार किसानों को सम्मान निधि नहीं भेजी गई है। इसके लिए कृषि विभाग की ओर से ब्लॉकवार नियुक्त प्रभारी बीज भंडार कर्मचारियों की सूची व उनका मोबाइल नंबर जारी किया गया है। किसान इन नंबरों पर फोन कर जानकारी ले सकते है। और अपना डाटा ठीक करवा सकते है। भूलेख सत्यापन के बाद ही वंचित किसानों के खाते में सम्मान निधि भेजी जाएगी। जनपद/ विकास खंड स्तरीय हेल्प डेस्क – विकास भवन सभागर में शरद पटेल 9616616174, उपकृषि निदेशक कार्यालय में मनोज सामन्त 05452357656, 9839254936, विकास खंड धर्मापुर– सुनील अनुरागी 9616354217, करंजाकला– प्रेमचंद्र मौर्या 9919368669, सिरकोनी– रविप्रकाश यादव 7755839903, सिकरारा– अरविंद कुमार 9792200009, बक्शा–सकल नारायण पटेल 9795071638, केराकत– अनिल कुमार 9125126572, मुफ्तीगंज– राम सिंह यादव 9076954751, डोभी– विकास सिंह 9044713515, जलालपुर– राघवेंद्र पटेल 8840852080, शाहगंज– आशीष गोस्वामी 9919501854, खुटहन– शेष नाथ बिंद 9120939825, सुइथाकला– ऋषिकेश गौतम 6393493669, बदलापुर– बेचुराम 9451149018, महराजगंज– अक्षय लाल पटेल 9795697050, मछलीशहर– राजेंद्र प्रसाद यादव 9198360007, मुगराबादशाहपुर– सुनील कुमार वर्मा 9795301060, सुजानगंज– मनोज कुमार 7905876050, मडियाहूं– अनिल कुमार 7800663738, रामनगर– अनिल कुमार 9450321291, रामपुर – गुरुप्रसाद मौर्य 9616056520, बरसठी – सुभाष पाल 9793306008 इस काल सेंटर हेतु कंट्रोल रूम का नंबर उपलब्ध कराया जा रहा है जो प्रातः 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक क्रियाशील रहेंगे, तैनात कर्मचारी किसानों का फोन काल रिसीव कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करेंगे, जिससे समस्त पात्र कृषकों को आगामी किस्त समय से प्राप्त हो सकें।

## प्रांतीय खेलकूद समारोह विद्या भारती अवध प्रान्त का हुआ उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रांतीय खेलकूद समारोह विद्या भारती अवध प्रदेश उत्तर प्रदेश के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू विधायक सवायजपुर अध्यक्षता संजीव खरे जिला कार्यवाह मुख्य वक्ता राजकुमार सिंह प्रदेश निरीक्षक कार्यक्रम के संयोजक विपिन त्रिवेदी शिक्षाविद ब्रह्म स्वरूप पांडे सह जिला मंत्री श्री मिश्रा जी उमेश चंद्र प्रबंधक राजकुमार मिश्र देव सेन अवस्थी मिथिलेश अवस्थी सह प्रदेश निरीक्षक मिथिलेश कुमार सिंह संभाग निरीक्षक रणवीर सिंह संभाग निरीक्षक कैलाश चंद संभाग निरीक्षक संचालन देवेंद्र पाल सिंह सह जिला प्रमुख राम शंकर शुक्ल मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश निरीक्षक ने बताया विद्या भारती द्वारा प्रतिवर्ष खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय . जिला एवं प्रांत एवं क्षेत्र एवं अखिल भारतीय स्तर पर होता है जिसमें विद्या भारती अवध प्रदेश के भैया बहन सहभाग करके स्थान प्राप्त करते हैं राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करके समाज एवं देश का नाम आगे बढ़ाते हैं 13 जिलों एवं 215 विद्यालयों



के भैया बहन इस प्रतियोगिता में सहभाग करते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह ने शिशु मंदिर के भैया बहनों को ईमानदार एवं चरित्रवान कहते हुए देश की अग्रणी भूमिका में रहने हेतु आशीर्वाद प्रदान किया अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए जिला कार्यवाह संजीव खरे ने कार्यक्रम का समापन किया।

## गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के सौजन्य से विनीत खंड 2 छठ पूजा पार्क में छठ पूजा संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विनीत खंड 2 छठ पूजा पार्क में सूर्य की उपासना, आस्था का महापर्व छठ पूजा का आयोजन संपन्न हुआ। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के महासचिव, रक्षा मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी राघवेंद्र शुक्ल माध्यम से महासमिति के धर्म जागरण प्रमुख मनोज कुमार मिश्रा, क्रीडा सचिव नंदिनी मिश्रा, ने पार्क की साफ–सफाई घाट की साफ–सफाई, बढ़ती बीमारी को देखते हुए पार्क में फागिंग, पेड़ों की छटाई, खराब फोर वे हाईमास्क लाइट की मरम्मत का कार्य संपन्न हुआ। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व डीजीपी एवं वर्तमान में भाजपा राज्यसभा सांसद आदरणीय बृजलाल अपनी धर्मपत्नी सरोज प्रसाद के साथ उपस्थित होकर छठ मैया के पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी क्रम में प्रतिभा शाही, वीके मिश्रा , स्नेह लता राय पार्षद अरुण राय पार्षद प्रतिनिधि पूजा अर्चना कर छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आयोजन में गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के सचिव



सीजी नायर, मनोज कुमार मिश्रा नंदिनी मिश्रा, तेज मिश्रा, अजय तिवारी, सुमित मिश्रा, पंकज जोशी शिव कुमार ,राजेश सिंह,मनीष मिश्रा,शम्भु राय, लक्ष्मी धामी, अनिरुद्ध पाठक एवं समस्त छठी मैया के भक्त एवं पूरी टीम उपस्थित रही एवं सभी ने बढ़–चढ़कर सहयोग किया रहे।

## जिला प्रशासन द्वारा जनपद के 06 ब्लड बैंको में डेंगू पीड़ित मरीजो की प्लेटलेट्स हेतु की गई व्यवस्था – औषधि निरीक्षक

जौनपुर सू.वि. : औषधि निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, चन्द्रेश कुमार द्विवेदी ने अवगत कराया है कि जनपद जौनपुर में वर्तमान समय में मच्छरो के काटने से डेंगू जैसी बीमारी उत्पन्न हो रही है, डेंगू बुखार के कारण डेंगू रोगियों का प्लेटलेट्स कम हो रहा है, रोगियों के प्लेटलेट्स की जरूरतो को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जनपद के 06 ब्लड बैंको में डेंगू पीड़ित मरीजो की प्लेटलेट्स की जरूरतो को पूरा करने की व्यवस्था की गयी है। मेसर्स– आई0एम0ए0 चैरिटेबल ब्लड सेन्टर लाइनबाजार, मेसर्स– ईशा हास्पिटल एण्ड ब्लड सेन्टर मड़ियाहूँ पड़ाव, उमरपुर हरिबन्धनपुर जौनपुर, मेसर्स– कृष्णा हार्टकेयर एण्ड ब्लड सेन्टर जेसीज चौराहा, सदर, मेसर्स– अनिता हास्पिटल एण्ड ब्लड सेन्टर शाहगंज, मेसर्स– आर0के0 हास्पिटल एण्ड ब्लड सेन्टर शाहगंज, मेसर्स– श्रीराम हास्पिटल एण्ड ब्लड सेन्टर मछलीशहर में व्यवस्था की गयी है। उपरोक्त अंकित ब्लड बैंक से मरीजो अथवा उनके अभिभावको के द्वारा सरकार के निर्धारित शुल्क पर प्लेटलेट्स प्राप्त किया जा सकता है। साफ–सफाई, प्रचार–प्रसार एवं जनजागरूकता के द्वारा समन्वित प्रयास किये जा रहे है। बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए क्या करे ? एवं क्या न करे ? के सम्बन्ध में समस्त जनपदवासियों से अपील है कि वे अपने घर में प्रयोग होने वाले गमले, कूलर, फ्रिज के ट्रे, एसी ट्रे, छत के ऊपर पडेध् टूटे फुटे बरतन आदि में जलभराव न होने दे। बताना उचित होगा कि डेंगू का मच्छर एक चम्मच साफ पानी में भी प्रजनन कर सकता है। प्रत्येक सप्ताह घरेलू उपयोग के उपरोक्त पात्रो का पानी अवश्य रूप से गिरा दें। जनपद के समस्त टायर पंचर का कार्य करने वाले, कबाड़ का कार्य करने वाले, चाय बेचने, लस्सी बेचने, चाट, मिठाई की दुकान चलाने वाले व्यापारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया जाता है कि प्रयोग के बाद निष्प्रयोज्य खाली मिट्टी के बर्तन, थर्माकोल के बर्तन, प्लास्टिक के बर्तन को खुले में न फेकें अन्यथा बरसात के पानी भरने के कारण डेंगू मच्छर के ब्रिडिंग होने की संभावना रहेगी। समस्त ग्राम प्रधान से अनुरोध है कि किसी समारोह आदि में प्रयोग होने वाले निष्प्रयोज्य बर्तनों को गढ्ढा खोदवाकर उसमें ढकवाकर रोग से बचने में सहयोग करें। जनपदवासियों से अपील है कि वे फूल बाह के कपडे पहने एवं सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। खुद से कोई दवा न लें। किसी भी प्रकार का बुखार होने पर नजदीक के राजकीय चिकित्सालय में आवश्य रूप से सम्पर्क करें। समस्त राजकीय चिकित्सालयों में जाँच एवं इलाज हेतु पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है। किसी भी परिस्थिति से घबराने की आवश्यकता नही है।

## जनपद के 100 ग्राम पंचायतों में पटेल जी की जयंती एवं एकता दौड़ का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती के अवसर पर जनपद के 100 ग्राम पंचायतों में गठित युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल के पदाधिकारियों/सदस्यों के माध्यम से पटेल जी की जयंती एवं एकता दौड़ का आयोजन कराया गया एवं विकास खण्ड मुख्यालय पर क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा०वि०द० अधिकारी की अगुआई में रैली का आयोजन कराया गया। जनपद स्तर पर विकास भवन प्रांगण में पी०आर०डी० जवानों को लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर राष्ट्रीय एकता के विषय में व्याख्यान एवं तत्पश्चात् विकास भवन से दो किलोमीटर की परिधि में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। इस आशय की जानकारी वैभव सिंह जिला युवा कल्याण एवं प्रा०वि०द० अधिकारी द्वारा दी गई।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## पिंक सिटी में स्थित देवलोक मंदिर में छठ पूजा सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राज्यपाल के पी एस ओ संदीप कुमार दुबे ने बताया देवलोक मंदिर में छठ पूजा में काफी संख्या में लोग



आते हैं मंदिर को और भव्य रूप देने की तयारी है। शीघ्र भव्य रूप देने की तैयारी कर रही है जिससे मंदिर में आने वाले भक्त को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। अवैध डेरी के कारण मंदिर के आसपास गंदगी है,इस सम्बन्ध में नगर निगम को अवगत कराया गया है।

## 22 महिला बंदियों ने उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर किया छठ पूजा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मंडलीय जेल में सोमवार की सुबह महिला बंदियों ने छठ पूजा की. कुल 22 महिलाओं ने उगते सूर्य को सोमवार की सुबह अर्ध्य दिया. जेल प्रशासन ने परिसर में ही कृत्रिम



पोखरे का निर्माण कराया था। महिला बंदियों के छठ पूजा संपन्न कराने के लिए जेल प्रशासन ने पूरे इंतजाम किए थे. 22 महिला बंदियों के लिए पूजा सामग्री भी मुहैया कराई गई थी. इन महिला बंदियों ने अपने संतानों की लंबी उम्र की प्रार्थना छठी मैया से की पूरे विधि विधान के साथ की। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ओमप्रकाश कटिहार ने महिला बंदियों के छठ पूजा के मद्देनजर जेल के अंदर ही कृतिम जलाशय का निर्माण करा कर इन्हें पूजा के लिए आवश्यक पूजन सामग्री भी मुहैया कराई थी। इस दौरान डिप्टी जेलर बृजेश पांडेय समेत अन्य कारागार कर्मी मौजूद रहे।

## श्री हनुमान मंदिर परिसर आवास विकास कॉलोनी में छठ पूजा सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आवास विकास परिषद की गोकुल ग्राम योजना प्रथम मुन्नू खेड़ा में आवास विकास कॉलोनी श्री



हनुमान मंदिर के निकट परिसर में छठ पूजा कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अमित कुमार यादव ने किया। जलाशय में खड़े होकर व्रती महिलाओं ने उदयाचल सूर्य को अर्घ्य दिया। समाजसेवी अमित कुमार यादव न्यू हैदरगंज तृतीय वार्ड एवं उनकी टीम ने समस्त व्यवस्था करके कार्यक्रम को पूरी भव्यता एवं दिव्यता के साथ सम्पन्न कराया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
जीवन में मेरा मेरा करके मर जानें से बेहतर है तेरा तेरा करके तैर जाना।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

### आतंक पर कड़ा प्रहार है पीएफआई पर प्रतिबंध

केंद्र सरकार ने आतंक के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए देश के अंदर रहते हुए देश विरोधी गतिविधियां संचालित करने वाले कुख्यात संगठन पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) व उसके सहयोगी संगठनों रिहैब इंडिया फाउंडेशन , कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया इमाम काउंसिल, एनसीएचआरओ, नेशनल वीमेन फ्रंट, जूनियर फ्रंट, एम्वायर इंडिया फाउंडेशन, रिहैब फाउंडेंशन (केरल) को पांच साल के लिए उप्पा कानून के अंतर्गत प्रतिबंधित कर दिया गया है। केंद्र सरकार द्वारा जारी की गयी सूचना के अनुसार अब राज्य सरकारें भी पीएफआई व उसके सहयोगी संगठनों के सदस्यों व समर्थकों पर बेहिचक कड़ी कानूनी कार्यवाही कर सकती हैं और राज्य स्तर पर भी प्रतिबंध लगा सकती हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय है क्योंकि पीएफआई की गतिविधियां दिन प्रतिदिन राष्ट्रघाती होती जा रही थीं । स्मरणीय है कि वर्ष 2012 में जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे उस समय भी एनआईए ने पीएफआई को प्रतिबंधित करने की मांग की थी लेकिन तब मुस्लिम तुष्टिकरण में संलिप्त मनमोहन सरकार ने एनआईए की मांग को दबा दिया था । केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गजट किये जाने के बाद इस विषय पर दुर्भाग्यपूर्ण राजनीति भी प्रारंभ हो गई है। यह बहुत ही दुखद बात है कि जो संगठन राष्ट्र तथा समाज के लिए खतरा बन गये थे आज उन संगठनों के साथ कांग्रेस, सपा सहित कई सेकुलर दल खड़े दिखाई पड़ रहे हैं। जब पीएफआई व उसके सहयोगी संगठनों के खिलाफ देश की जांच एजेंसियां छापामार कार्यवाही कर रही थीं और लोगों की गिरफ्तारियां की जा रही थीं उस समय भी सेकुलर दलों के यह लोग मुस्लिम तुष्टिकरण के नाम पर उसका विरोध कर रहे थे । पीएफआई पर बैन लगने के साथ ही आज सेकुलर दलों के नेताओं के चेहरों से सारी मुस्कान छिन गयी क्योंकि अब इन दलों के वे सभी षड्यंत्र खुलने जा रहे हैं जो वह पीएफआई जैसे संगठनों के बल पर रच रहे थे। एनआईए को पीएफआई के खिलाफ पक्के सबूत मिले हैं जिसमें र विस्फोटक कैसे बनाएं जैसे सीक्रेट चौट वाले दस्तावेज शामिल हैं। पीएफआई के काडर आतंकी और हिंसक गतिविधियों में शामिल रहे हैं और उनके आईएसआईएस जैसे आतंकी संगठनो से संबंध हैं, ये एक समुदाय को कट्टर बनाने का गुप्त एजेंडा चला रहे थे। ऐसे तमाम साक्ष्यों के आधार पर इन संगठनों पर पांच साल का प्रतिबंध लगाया गया है। जब देश के अलग –अलग हिस्सों में दंगों, हिंसा और राजनैतिक हत्याओं में पीएफआई का नाम आता रहा है उस समय कांग्रेस का साथ पीएफआई के साथ जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण व शर्मनाक स्थिति है। समाजवादी पार्टी के मुस्लिम सांसद व कांग्रेस के सांसद ही नहीं अपितु कई क्षेत्रीय दलों के नेता भी बड़ी बेशर्मी के साथ आतंक के खिलाफ कदमों का विरोध कर रहे हैं और आरोप लगा रहा है कि केंद्र सरकार लोगों का ध्यान मुददों से भटका रही है । और तो और बिहार में चारा घोटाले के सबसे बड़े आरोपी तथा जमानत पर बाहर बैठे लालू यादव जैसे नेता पीएफआई पर प्रतिबंधों का विरोध और संघ पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं। स्पष्ट है कि यह नेता मुस्लिम वोटबैंक के लालच में देश की सुरक्षा व अखंडता के साथ भी खिलवाड़ करते रहेंगे ऐसे तथाकथित नेता जेल के अंदर ही रहें तो ही देश के लिए अच्छा रहेगा। पीएफआई का विवादों से गहरा नाता रहा है। देश के अलग –अलग हिस्सों में दंगा, हिंसा दृआगजनी, पत्थरबाजी और राजनैतिक हत्याओं में इस संगठन का नाम आता रहा है। उत्तर से दक्षिण भारत तक जब भी कोई बड़ी हिंसा या हत्या हुई है तब पीएफआई का नाम ही सामने आता है। हाल के दिनों में गई छापामारी से कई सनसनीखेज जानकारियां मिली हैं। पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया यानी पीएफआई अपने सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर 2047 में भारत का इस्लामीकरण करने का षड़यंत्र रच रहा था जिसका खुलासा बिहार में फुलवारी शरीफ सहित कई जिलों में एनआईए की ओर से की गई छापामारी में प्राप्त दस्तावेजों से हुआ तथा उसके बाद पीएफआई के खिलाफ और तेजी से कार्यवाही की गई है। यह भी खुलासा हुआ है कि पीएफआई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बीजेपी के कई नेताओं, मुख्यंमत्रियों, सहित संघ व विश्व हिंदू परिषद के नेताओं की हत्या की साजिश रच रहा था। पीएफआई ने अभी हाल ही में केरल के कोझीकोड मे एक रैली निकाली थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा व संघ विरोधी नारे लगाये गये थे । साथ ही एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक छोटा लड़का हाथ में पीएफआई का झंडा लेकर अयोध्या में फिर से बाबरी मस्जिद बनाने की बात कह रहा था। देश की राजधानी दिल्ली में सीएए विरोधी प्रदर्शन, शाहीन बाग हिंसा और जहांगहीपुरी हिंसा से लेकर रामनवमी के अवसर पर देश के कई हिस्सों में जो हिंसा हुई थी उन सबकी साजिश के पीछे पीएफआई ही था। किसान आंदोलन व उसमें हुई हिंसा में भी पीएफआई का ही कनेक्शन पता चल रहा है। राजस्थान की करौली हिंसा ,कानपुर व उप्र के कई जिलों में हुई हिंसा में भी पीएफआई का ही हाथ रहा है। इस बात के भी सबूत मिल रहे हैं कि विश्व विद्यालयों में "हम लेकर रहेंगे आजादी" के जो नारे लगाए जा रहे थे उसमें भी पीएफआई अपने संहयोगी संगठन सी एफ आई के माध्यम से संलिप्त रहा है। भारत में हिजाब विवाद को भड़काने में भी पीएफआई का हाथ रहा है। अभी बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा के तथाकथित बयान को लेकर जो विरोध प्रदर्शन हुए उसमें भी पीएफआई का हाथ था और इस विवाद की आड़ में राजस्थान के कन्हैयालाल से लेकर महाराष्ट्र मे उमेश कोल्हे तक जितनी भी हत्याएं हुईं उनमें भी पीएफआई ही शामिल है । पीएफआई के कार्यकर्ता कई आतंकवादी गतिविधियों के साथ 27 निर्दोष लोगों की हत्या में भी शामिल रहे हैं। इनमे संजीत, नंदू ,अभिमन्यु, बिबिन (केरल) शरथ, आर. रूद्रेश, प्रवीण पुजारी और प्रवीण नेत्तारू (कर्नाटक) और तमिलनाडु में शशि कुमार जैसे युवाओं की हत्या में भी यह संगठन शामिल रहा है। पीएफआई की आपराधिक व आतंकी गतिविधियों का इतिहास बहुत पुराना है तथा वर्ष 2012 में ही केरल की कांग्रेस सरकार ने हाईकोर्ट में बताया था कि हत्या के 27 मामलों में इस संगठन का सीधा हाथ है इनमें से अधिकतर मामले संघ और सीपीएम के कार्यकर्ताओं की हत्या से जुड़े थे। तब सरकार ने कोर्ट में बताया था कि यह पीएफआई और कुछ नहीं अपितु प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंटस इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का ही नया रूप है। इस संगठन के अलकायदा और तालिबान जैसे आतंकी संगठनों से लिंक होने के भी आरोप लगते रहे हैं। वर्ष 2014 में भी केरल सरकार ने हाईकोर्ट में बताया था कि एनडीएफ और पीएफआई के कार्यकर्ता 27 सांप्रदायिक हत्याओं और 86 हत्याओं के प्रयास और राज्य में दर्ज 106 सांपद्रायिक मामलों में शामिल रहा है। आबिद पाशा नाम के एक बढ़ई को हत्या के छह मामलों में गिरफ्तार किया गया था। नवंबर 2017 में केरल पुलिस को पता चला था कि संगठन के छह युवा आईएसआईएस जैसे कुख्यात संगठन में शामिल हो गये थे। यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि आज उसी केरल के तथाकथित सेकुलर नेता पीएफआई पर प्रतिबंधों का विरोध और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्रतिबंधित करने की मांग कर रहे हैं। विदेशी फंडिंग के बल पर भारत में धर्मांतरण व लव जेहाद को फैलाने की साजिश भी यह संगठन रचता रहता था। देश में लव जेहाद को फैलाने के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए दस लाख रूपए तक की रकम दी जाती थी। वर्ष 2020 में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ हुए विरोधा प्रदर्शनों में पीएफआई ही शामिल था और फंडिंग की व्यवस्था भी इसी संगठन की ओर से की गई थी। अभी हाल ही में निजामाबाद जिले में ऐसे 25 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गयी जो लोग धर्म के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देना चाह रहे थे और इसके लिए जूडो कराटे की ट्रेनिंग भी दी जा रही थी। उत्तर प्रदेश में हाथरस हिंसा में भी पीफआई सक्रिय रहा था और इसके सहयोगी संगठन एसडीपीआई के नेता मोहम्मद बेग और पीएफआई के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद वसीम के साथ ही इससे जुड़े अन्य लोगों ने व्हाटसएप ग्रुप बना रखे थे । इन ग्रुपों में लखनऊ बाराबंकी बहराइच गोंडा उन्नाव मथुरा काशी के अलावा पूर्वांचल व पश्चिमी उप्र के कई जनपदों और बिहार के सीमांचल तक के युवा जुड़े थे। उन्हें जेहाद और कटटरता का पाठ पढ़ाया जाता था। यह खुलासा इन लोगों के मोबाइल से हुआ है। ये लोग गैर मुस्लिम धर्मो के लिए आग उगलते थे और गैर मुस्लिम महिलाओं को अपने साथ जोड़ने पर बल देते थे ताकि उनका धर्म परिवर्तन कराया जा सके। अभी हाल ही मे ज्ञानवापी विवाद में भी यह संगठन कूद पड़ा था और वहां प्राप्त शिवलिंग को फव्वारा बताकर समाज का वातावरण बिगाड़ने की भरपूर कोशिश की थी। पीएफआई से सम्बद्ध कुछ युवाओं ने ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर उर्स आदि करने के लिए याचिका भी लगा रखी है। यह संगठन राजनीति और न्यायपालिका के अंदर भी अपनी पैठ बनाने का प्रयास कर रहा था और उसमें कुछ हद तक सफल भी हो रहा था। इस संगठन के राजनैतिक ग्रुप के कई लोग चुनाव लड़ भी चुके हैं तथा राजनैतिक बयानबाजी में ही माहिर हैं। यह संगठन अपने आपको दलितो व अल्पसंख्यकों का सबसे बड़ा हितैषी मानता है और खाड़ी के देशों में अपना एक समाचार पत्र भी निकालता है जिसमें वह भारत में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की झूठी कहानियां, लेख व समाचार आदि परोसता है। आज मुस्लिम वोटबैंक की लालच में देश के सेकुलर दल पीएफआई के लिए आंसू बहा रहे हैं। यह वही लोग हैं जो बाटला हाउस एनकाउंटर में भी रोये थे और याकूब मेनन को बचाने के लिए रात में सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक पहुंच गये थे। जिन विरोधी दलों के कई नेता आज जमानत पर बाहर घूम रहे हैं उन सभी का हाथ पीएफआई के ही साथ दिखाई पड़ रहा है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## संस्था विद्यांजलि द्वारा आयोजित सरस काव्य गोष्ठी अंतर्गत नवांकुरों के प्रथम आगमन पर वितरित किये गए अभिनंदन पत्र

इंदौर, मध्यप्रदेश ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : संस्था विद्यांजलि भारत मंच इंदौर एवं टीम उड़ान के माध्यम से घरो में छिपी साहित्य व कला से जुडी प्रतिभाओ को निस्वार्थ भाव से स्वतंत्र मंच और सम्मान प्रदान किया जा रहा है, इसी उद्देश्य से चाय बडीस कैफे गोपुर चौराहे पर सरस काव्यगोष्ठी आयोजित की गई! संस्था के प्रमुख कवि दामोदर विरमाल ने बताया की उक्त आयोजन में पंजीकृत 50 सदस्यों ने काव्यपाठ किया जिसमे मुख्य रूप से अतुल दवे, सुनिल कुमार वर्मा मुसाफिर, संतोष त्रिपाठी, बीएल सिसोदिया, सुनिल रघुवंशी सिपाही, राहुल मिश्रा, यश कौशल, युवराज शर्मा, रामेश्वर पाल आरती पंवार, अंशुक रंगहीन, रोशन रोहित, संजय नाजान, शिशीर देसाई, मनोज दूबे, सरफराज भारतीय, वसीम हिन्दुस्तानी, गोपाल मनहर, विकास शुक्ला, संध्या मिश्रा, दामोदर विरमाल, जितेन्द्र शिवहरे, हेमंत कुमार व्यास, विनीता सिंह चौहान, विनोद सोनगीर, बृजमोहन शर्मा बृज, मनोहरलाल सोनी बाबा, हरीश साथी, मिनाक्षी यादव, प्रवीण गोस्वामी, आदि कविगण शामिल हुए, निर्णायक




मंडल के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार श्री सुनील कुमार वर्मा मुसाफिर एवं श्री संतोष कुमार त्रिपाठी शामिल हुए एवं संस्था की नियमावली अनुसार आगामी विराट कवि सम्मलेन हेतु श्रेष्ठ 5 कवियों का चयन किया! अंत में संस्थापक मंडल द्वारा संस्था के आयोजन में सक्रिय रहने एवं निस्वार्थ भाव से सहयोग हेतु लेखिका आरती पंवार को इंदौर जिला समन्वयक (महिला इकाई) नियुक्त किया गया! इंदौर जिला समन्वयक श्री जितेंद्र शिवहरे द्वारा आभार व्यक्त किया गया, श्रेष्ठ संचालन युवा कवि विकास शुक्ला द्वारा किया गया!

## दीनदयाल फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंदो को छठ पूजा के पावन पर्व पर किया गया वस्त्र वितरण

मुंबई ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : दीनदयाल फाउंडेशन के द्वारा विरार में जरूरतमंदो को छठ पूजा के पावन पर्व पर वस्त्र वितरण किया गया जिसमें बहुत से जरूरतमंद परिवार के लोगों को वस्त्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष हेमन्त पाण्डेय सहित उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी ,बिहार सम्पर्क प्रमुख रमेश चौधरी , नालासोपारा अध्यक्ष राकेश तिवारी , सूरज तिवारी शैलेश तिवारी रामकृष्ण पाण्डेय एवं रीना मौर्या जी उपस्थित रहे। संस्था दीनदयाल फाउंडेशन समाजसेवा के क्षेत्र में बहुत ही अहम भूमिका निभा रही है। संस्था लगातार जरूरतमंद लोगों तक हर संभव सेवा पहुँचा रही है यदि समाज का सहयोग इसी प्रकार बना रहा तो दीनदयाल फाउंडेशन द्वारा हजारों लोगों की सेवा हर महीने की जायेगी यह संस्था का संकल्प है। दीनदयाल फाउंडेशन अध्यक्ष हेमन्त पाण्डेय जी का कहना



है की हाड़ मांस से बने शरीर को एक दिन मिट्टी में मिल जाना है। हमारे सत्कर्म ही हमारे साथ जाते है उन्ही सत्कर्मों से लोग हमें याद करते हैं उन्ही सत्कर्मों का अनुसरण हमारी आने वाली संताने करती हैं। इसलिए हमेशा अच्छे कार्यों में जरूर सहभागी बने।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश से सम्बध सभी घटक संगठनों के प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश से सम्बध चिकित्सा स्वास्थ एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के सभी घटक संगठनों के प्रांतीय पदाधिकारियों की एक बैठक बलरामपुर चिकित्सालय परिसर में परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेश रावत जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रमुख रुप से नवसृजित मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनियुक्ति पर तैनात विभिन्न सवर्गों के कार्मिकों को कार्यमुक्त किए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई । डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री श्री उमेश मिश्रा ने कहा कि शासनादेश के अनुसार नया जिला चिकित्सालय बनने तक जनहित में समस्त चिकित्सालय सुविधाएं मेडिकल कॉलेज से संचालित होंगी ।परंतु उसका उल्लंघन करते हुए कार्मिकों को जबरन कार्यमुक्त किया जा रहा है ,जो कि निंदनीय है । उत्तर प्रदेश एक्सरे टेक्नीशियन के प्रदेश अध्यक्ष राम मनोहर कुशवाहा ने कहा कि अक्सर इस संवर्ग में मुख्य रूप से जिला चिकित्सालय में मेडिकोलीगल एक्सरे संपादित किए जाते हैं उनके कार्य मुक्त किए जाने से न्यायालय संबंधी पत्रावलीयों का रखरखाव बाधित होगा। एक्सरे टेक्नीशियन के पास पत्रावली के रखरखाव का दायित्व होता है। उत्तर प्रदेश लेब टेक्नीशियन के उपाध्यक्ष श्री ओ पी पांडे ने कहा रक्त कोष में तैनात वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन लैब टेक्नीशियन जो कि विशेष परीक्षण प्राप्त है उन्हें कार्यमुक्त करने से रक्त कोष का कार्य बाधित हो जाएगा । इंडियन डेंटल हाइजीनिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष देश दीपक त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान नीतियों से जनहित प्रभावित होगा शासकीय कार्य बाधित होंगे व अजीबो गरीब स्थिति उत्पन्न होगी जिससे रोगियों का हित प्रभावित होगा । प्रोविंशियल फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री श्री अनिल चौधरी ने कहा कि जो कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर तैनात हैं उनकी योग्यता एम्स नई दिल्ली एसजीपीजीआई के समकक्ष है ।शासन द्वारा समय समय पर जारी शासनादेश के अनुसार कर्मचारी उक्त संस्थानों में आवेदन विलय हो सकते हैं ऐसी स्थिति में उनको विभाग में वापस करना न्यायोचित नहीं होगा मुख्य सचिव की उपस्थिति में हुई बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को निर्देश दिया था कि 3 वर्ष की प्रतिनियुक्ति पूर्ण हो जाने पर उन कर्मचारियों विकल्प ले लिया जाए जो अपने पैतृक विभाग में वापस जाना चाहते हैं उनको ही वापस किया जाए और जो कर्मचारी विलय लेना चाहते हैं उनका ही विलय किया जाए। परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि शासन द्वारा जारी शासनादेश का पालन होना चाहिए ।जिला अस्पताल का सृजन जब अभी तक नहीं हो पाया तो उसमें कार्यरत कर्मियों को बीच में नए शासनादेश कर कार्य मुक्त करना कदापि उचित नहीं है। परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत व महामंत्री अतुल मिश्रा ने माननीय उपमुख्यमंत्री चिकित्सा स्वास्थ्य शिक्षा व परिवार कल्याण से मांग की है कि वे स्वयं हस्तक्षेप कर कर्मियों को कार्यमुक्त करने के निर्णय पर रोक लगाएं। प्रदेश का समस्त कर्मचारी कर्मचारियों के साथ किए जा रहे इस तरह के कृत से काफी आक्रोशित हैं।

## डेंगू से पीड़ित रोगी तुरंत नजदीकी चिकित्सक से करें संपर्क – अरविन्द खरे

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : इस समय डेंगू बुखार पूरी तरह से जिले में अपना पांव पसार चुका है ।जब किसी भी व्यक्ति को डेंगू बीमारी के लक्षण दिखाई दे तो वह बिना देरी किये अपने नजदीकी चिकित्सक से परामर्श कर इलाज करे ।इस संबंध मे डेंगू बीमारी के लक्षण, कारण व इससे बचने के उपाय शहर में अमानीगंज स्थित अमर हास्पिटल के डायरेक्टर डाक्टर अरविंद खरे ने बताया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि डेंगू बुखार एडीज इजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है ।उन्होंने बताया कि डेंगू बुखार से पीड़ित रोगी के सिर में भयानक दर्द,शरीर के जोड़ों मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, बेचौनी व तेज बुखार होता है ।उन्होंने बताया कि जब इसके लक्षण दिखाई दे तो वे बिना देरी किये अपने नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करें ।इससे बचने के लिये अपने आसपास मच्छरों को न आने दें ।इसके लिये प्रतिदिन आप सभी कूलर के पानी बदले। कूड़ा करकट अपने आसपास न इकट्ठा होने दे ।हो सके तो कपड़े ऐसा पहने जो अधिक से अधिक आपके शरीर



को ढके। सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करें। प्लेटलेट्स बढ़ाने के लिये नारियल का पानी,बकरी का दूध का सेवन करे ।अपने आसपास नगर निगम कर्मियों को फागिंग करने के लिये करें। डेंगू होने पर चिकित्सक के सलाह पर जांच अवश्य कराये।

## नवयुग कन्या महाविद्यालय में रन फॉर यूनिटी का आयोजन संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी जाती है। इस अवसर पर राजेन्द्र नगर स्थित नवयुग कन्या महाविद्यालय में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें नवयुग महाविद्यालय की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एन0सी0सी0 विंग ने भाग लिया। जिसका नेतृत्व एन0सी0सी0 अधिकारी मेजर डा0 मनमीत कौर सोढ़ी ने किया। उन्होने बताया कि रन फॉर यूनिटी महाविद्यालय से प्रारंभ होकर डीएवी कालेज से हाकर हुसैनगंज, विधानसभा से होती हुयी हजरतगंज पहुंची और फिर उसी रास्ते से होती हुयी वापस महाविद्यालय पहुंची। जिसमें एन0सी0सी0 छात्राओं के साथ महाविद्यालय की अन्य



छात्रायें ने भी बड़ी संख्या में रन फॉर यूनिटी में भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय में लौह पुरूष के व्यक्तित्व व कृतित्व से छात्राओं को परिचित भी कराया गया।

## आंचलिक विज्ञान नगरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भ्रष्टाचार मुक्त भारत–विकसित की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से एवं लोगों को भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूक करने के लिये आंचलिक विज्ञान नगरी एक सार्थक पहल कर रहा है। इस सम्बन्ध में विज्ञान नगरी में दिनॉक 31 अक्टूबर से दिनॉक 06 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न क्रिया–कलापों के माध्यम से बच्चों को व अन्य लोगों को भ्रष्टाचारर के प्रति जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर आंचलिक विज्ञान नगसी के अधिकारी रामकुमार ने बताया कि कूली बच्चों के लिये भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय पर कार्टून बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सतर्क भारत समृद्ध भारत विषय पा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया जा रहा है। साथ ही




सत्यनिष्ठा एवे राष्ट विषय पर चलचित्र प्रदर्शन भी किया जायेगा। वही आये हुये लोगों को आंचलिक विज्ञान नगरी की दीर्घाओं को देखने व घूमने का अवसर भी प्राप्त होगा।

## हिंदू महासभा ने बलिदानी कारसेवकों को दी श्रद्धांजलि

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : 30 अक्टूबर 1990 को कारसेवकों के ऊपर हुए गोलीकांड में बलिदान कार्य सेवकों को हिंदू महासभा द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान करते हुए उन्हें नमन किया गया इस अवसर पर 1992 के कारसेवक एवं हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में वीर बलिदानी कारसेवकों वासुदेव गुप्ता तथा राजेंद्र धारिकार के आवास पर पहुंचकर बलिदानों के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया, इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि एक ओर जहां अयोध्या की पवित्र पावन भूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण होने जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर आज भी बलिदानी कार्य सेवकों की परिवार न्याय पाने की आस में दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं, ऐसे में अपने आप को हिंदुत्ववादी सरकार कहलाने का दम भरने वाली भारतीय जनता पार्टी की यह महती जिम्मेदारी थी, कि वह उन कारसेवकों को न्याय प्रदान करती, बुनियादी सुविधाएं उपलब्धा कराती, किंतु दुर्भाग्यवश ऐसा हो नहीं सका, श्री पांडेय ने आगे कहा कि वर्षों से उनके द्वारा कारसेवकों के परिवारों की बदहाल स्थिति पर केंद्र व राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, आंदोलन किया जा रहा है, किंतु सरकारें व उनके जनप्रतिनिधि इस विषय पर मौन साधे हुए हैं, उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगती, यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है जिनका के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचा गया उनकी उपेक्षा और बेहद भारी पड़ेगी, श्री पांडेय ने यह आरोप लगाया कि जब भंडारी कार सेवकों के परिवार इन जनप्रतिनिधियों के पास मदद की आस से पहुंचते हैं तो उन्हें , अपमानित कर, वहां से भगा दिया जाता है, श्री पांडे ने लता मंगेशकर चौक को सरयू तट पर स्थाना तरित कर उस चौक का नाम वीर बलिदानी वासुदेव गुप्ता के नाम पर किए जाने की मांग केंद्र व राज्य सरकार से की है हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत रामलोचन शरण शास्त्री राजन बाबा ने कहा कि वीर बलिदानी कारसेवकों की उपेक्षा मन को विचलित करने वाली है, बेईमान सुखी है और जिन्हें सुख मिलना चाहिए था वह दुखद स्थिति में है योगी सरकार को शीघ्र अति शीघ्र इस पर ध्यान देना ही होगा, इस अवसर पर एक पत्र के माध्यम से एक ईमेल मुख्यमंत्री हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय द्वारा योगी आदित्यनाथ जी महाराज को भेजा गया है, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री से समय लेने की मांग करते हुए उनके समक्ष वीर बलिदानी कारसेवकों की बदहाल स्थिति को सुधारने हेतु मांग पत्र सौंपने की बात की है, बलिदानी कारसेवकों को श्रद्धांजलि प्रदान करने वाले प्रमुख लोगों में वासुदेव गुप्ता के पुत्र संदीप गुप्ता, सीमा गुप्ता मीरा गुप्ता,रविंद्र कुमार धरिकार, सोनी देवी, सोनाली धरिकार, जोगेंद्र धारिकार, रुचि धारिकार, शिवानी, लकी, मुस्कान, आलोक, चेतन, इशारा विनय शिवा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रामोत्सव पर सन्यासी देशनायक 'गुमनामी बाबा' का प्रीमियम होगा लांच : जुटेंगे देशभर के नामचीन हस्तियां

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : देव दीपावली पर श्री राम नगरी के सूरसर मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय रामोत्सव वह अयोध्या लिटरेचर फेस्टिवल में गुमनामी बाबा जिनकी ज्यादातर एक्टिविटी नेताजी सुभाष चंद्र बोस से मिलती है और काफी लोग यह मानते हैं की विमान दुर्घटना के बाद नेताजी अयोध्या में आकर के रहे उनके जीवन पर आधारित सन्यासी देशनायक 'गुमनामी' का प्रीमियम लांच होगा। कार्यक्रम के संयोजक प्रियनाथ चाटोपाध्याय ने बताया की बॉलीवुड फिल्म 'गुमनामी' 2 अक्टूबर की रिलीज से पहले सुर्खियों में बनी हुई है और सुर्खियां बटोर रही है ।उसी विषय पर एक और फिल्म पाइपलाइन में है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की कथित मौत और गुमनामी बाबा सिद्धांत के आसपास का रहस्य है। निर्देशक अमलान कुसुम घोष ने चुनौती ली और 6 नवंबर को श्री रामोत्सव अयोध्या के मंच पर गुमनामी बाबा और भगवान रामलला जी की भूमि में फिल्म का प्रीमियर होगा। उन्होंने बताया कि फिल्म निर्माता अमलान कुसुम घोष एक राजनीतिक थ्रिलर के साथ अपनी फीचर फिल्म की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें भारतीय क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 1945 के विमान दुर्घटना में कथित रूप से लापता होने के बाद एक साधु के भेष में फिर से उभरने की संभावना है। इसलिए अयोध्या में फिल्म का प्रीमियर न केवल ऐतिहासिक है बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन में अयोध्या की भूमिका को भी पहचानना है ।उन्होंने कहा इस विषय पर काम करना मेरी जिम्मेदारी है। नेताजी पर अब तक बनी फिल्में 1945 (विमान दुर्घटना का वर्ष) तक के उनके जीवन से संबंधित हैं। लेकिन मुझे आश्चर्य है कि किसी भी निर्देशक ने इस तथ्य पर काम क्यों नहीं किया कि नेताजी 1945 के बाद जीवित हो सकते थे। उन्होंने ने बताया कि यद्यपि कथित दुर्घटना के बाद राष्ट्रवादी के पुनरुत्थान और एक पवित्र व्यक्ति की आड़ में रहने के कई सिद्धांत हैं। निर्देशक ने कहा कि उन्होंने अपनी फिल्म के आधार के रूप में गुमनामी बाबा विद्या (सबसे स्थायी सिद्धांतों में से एक) को चुना ।और वैज्ञानिक साक्ष्य गुमनामी बाबा (फैजाबाद में गुमनामी बाबा/ भागवानजी/ महाकाल और उत्तर प्रदेश में अयोध्या) को नेताजी के रूप में पहचानते है ।इसलिए हमने उनके इर्द–गिर्द अपनी फिल्म को आधार बनाया है ।गायब होने के पीछे की सच्चाई का पता लगाने के लिए भारत सरकार ने तीन जांच आयोगों का गठन किया ।1999 में मुखर्जी आयोग सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एम. के. मुखर्जी ने कथित रूप से गायब होने की छह साल की लंबी जांच शुरू की ।हालांकि न्यायमूर्ति मुखर्जी ने रिपोर्ट में हवाई दुर्घटना सिद्धांत को खारिज कर दिया। लेकिन उन्होंने यह निष्कर्ष नहीं निकाला कि संन्यासी बोस थे, क्योंकि किसी भी ठोस सबूत की अनुपस्थिति थी।

# केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान देंगे 251 नव विवाहित जोड़ो को आशीर्वाद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दो दिवसीय बदलापुर महोत्सव आगामी 1 नवंबर से शुरू होने जा रहा है जो 2 नवंबर तक चलता रहेगा।इस संबंध में कार्यक्रम संयोजक बदलापुर के विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने रविवार को डाक बंगले में पत्रकारों से बात करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा बताया।उन्होंने बताया कि महोत्सव के पहले दिन के मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान होंगे। श्री खान एक बजे बादलपुर पहुंचेंगे उसके बाद सामुहिक विवाह में सात फेरे लेने वाले 251 जोड़ो को आशीर्वाद देंगे तथा संबोधन के माध्यम से आशीर्वचन देंगे। जो इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। रमेश मिश्रा ने बताया कि कर्यक्रम की अध्यक्षता समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण करेंगे। विशिष्ट खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश यादव, सांसद मछलीशहर बीपी सरोज, एमएलसी विद्यासागर सोनकर तथा पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह होंगे। इस महोत्सव में जहां देश के माने जाने कलाकार अपना जलवा बिखेरेंगे वही केंद्र और



प्रदेश द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्रो को दिलाया जायेगा। इसमें उपभोक्ताओं के बिजली के बिल का संसोधन, किसान सम्मान निधि, विधवा पेंसन, बृद्धा पेंसन समेत सभी योजनाओं से सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी स्टाल लगाकर मौके ही लाभार्थियों उपलब्ध कराएंगे। महोत्सव के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक होंगे । विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, आयुष राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्रा, जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद होंगे तथा अतिथि के रूप राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, विधायक शाहगंज रमेश सिंह शामिल होंगे। महोत्सव की शुरुआत माँ आदि गंगा गोमती की आरती और महोत्सव गीत से होगा। संध्याकाल अयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य कलाकार आजमगढ़ के सांसद व भोजपुरी अभिनेता दिनेशलाल यादव निरहुआ, हास्य कलाकार एहसान कुरैशी,अभिनेत्री अक्षरा सिंह, हर हर शम्भू फेम अभिलिप्सा पांड्या समेत कई फिल्मी हस्तियां और कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगी।

## थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम व वारांटी वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्वेक्षण में थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स0 315/2022 धारा 377/506 भादवि व = पाक्सो एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर में फरार चल रहे वाछिंत अभियुक्त अनुराग गुप्ता उर्फ छद्दु पुत्र राधेश्याम गुप्ता निवासी ग्राम व थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर को उसके मौसी के घर उर्दु बाजार ईशापुर जनपद जौनपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया। नाम पता अभियुक्त– 1.अनुराग गुप्ता उर्फ छद्दु पुत्र राधेश्याम गुप्ता निवासी ग्राम व थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। आपराधिक



इतिहास– 1.मु0अ0स0 315/2022 धारा 377/506 भादवि = पाक्सो एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.श्री शेष कुमार शुक्ला, निरीक्षक अपराध थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 2. हे0का0 अनुज प्रताप सिंह थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 3.हे0का0 विनोद सिंह थाना सरायख्वाजा जौनपुर।

# थाना खेतासराय पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित 01 अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियों तथा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री चोब सिंह के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना खेता सराय पुलिस द्वारा थाना खेतासराय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 193/2022 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित अभियुक्त 1.गुड्डू पुत्र अली रजा निवासी लेदरही थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को आज दिनांक 30.10.2022 को समय करीब 10.30 बजे गोरारी बाजार से गिरफ्तार कर चालान सम्बंधित माननीय न्यायालय किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त– 1–गुड्डू पुत्र अली रजा निवासी लेदरही थाना खेतासराय जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0स0 193/2022 धारा 3(1)उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2.मु0अ0स0 86/2021 धारा 3(1)उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 3.मु0अ0स0 163/2021 धारा 3/5A/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना




खेतासराय जनपद जौनपुर 4.मु0अ0स0 135/2022 धारा 3/5/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 5. मु0अ0स0 008/2019 धारा 147,323,336,504,506 भा0द0वि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर गिरफ्तारी टीम 1. यजुवेंद्र कुमार सिंह थानाध्यक्ष खेतासराय जनपद जौनपुर 2.हे0कां0 धर्मेन्द्र यादव, कां0संदीप कुमार ,का0राजकुमार यादव थाना खेतासराय जौनपुर।

# सरदार सेना ने निकाली सरदार सन्देश समता यात्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले की नगर पंचायत कजगांव में सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के नेतृत्व में लौह पुरुष भारत रत्न आधुनिक भारत के निर्माता सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के पूर्व संध्या पर सरदार संदेश समता यात्रा निकाली गयी सभी कार्यकर्ताओं ने अपने हाथ में कैंडल लिए जा रहे इस दौरान अरविन्द कुमार पटेल ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत देश के एकता के सूत्रधार रहे ऐसे महापुरुष को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है गृह मंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी जिन्होंने अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करते हुए छोटी–बड़ी रियासतों को भारत में विलय कराया भारत की राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल का सबसे बड़ा योगदान रहा और इस योगदान को हम सभी लोग कभी भुला नहीं सकते सरदार पटेल नवीन भारत के निर्माता थे जो राष्ट्रीय एकता के



बेजोड़ शिल्पी थे इस अवसर पर विपिन पटेल,बृजेन्द्र पटेल,अनिल पटेल,आकाश पटेल,शाहआलम अन्सारी,विकास पटेल,आदित्य पटेल,ह्रदय नरायन गौड़,रवि पटेल,अजीत पटेल,अर्जुन पटेल,अंश,रवि राजभर,अभिषेक,मुन्ना लाल,लकी राव,किशन लाल,अजय कुमार,मिरू अन्सारी,वीरू गौड़,आँसू यादव,जूनैद,आमिर सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 06 स्वयंसेवक पूर्व गणतंत्र दिवस के लिए चयनित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2022 हेतु चयन शिविर में शुक्रवार को सम्बद्ध जनपदों के विभिन्न महाविद्यालयों से आए स्वयंसेवकों में से 06 स्वयंसेविकों का विभिन्न मापदंडों के आधार पर चयन किया गया।चयनित



स्वयंसेविका आंचल मौर्या–मोहम्मद हसन पी.जी.कालेज, लक्ष्मी गुप्ता–आरएसकेडी पी.जी.कालेज,दीक्षा मिश्रा–बयालसी पीजी कालेज जौनपुर तथा स्वयंसेवक सचिन सिंह–हिन्दू पीजी कालेज जमानिया,गाजीपुर, मनीष पांडेय–आरएसकेडी पीजी कालेज,विशाल यादव –रज्जू भइया संस्थान विश्वविद्यालय परिसर,जौनपुर हैं।साथ ही साथ प्रतीक्षा सूची में स्वयंसेवक/स्वयंसेविका आँचल शुक्ला, राहत परवीन,जयवीर वर्मा,तथा सचिन विश्वकर्मा का चयन किया गया है। चयनित स्वयंसेवक राज्य स्तरीय दस दिवसीय चयन शिविर 12 नवम्बर 2022 से 21 नवम्बर 2022 तक गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय विलासपुर,छत्तीसगढ़ में शामिल होगे।इस शिविर से चयनित स्वयंसेवक 26 जनवरी 2023 को गणतन्त्र दिवस परेड,नई दिल्ली में प्रतिभाग करेंगें। पूरी चयन प्रक्रिया समन्वयक डॉ. राकेश कुमार यादव, भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के युवा अधिकारी समरदीप सक्सेना,तिलकधारी पीजी कालेज के संगीत विभाग के असिस्टेण्ट प्रो.नरेन्द्र देव पाठक, एनसीसी यूपी 05 बटालियन के सूबेदार तरसीम कुमार की देख–रेख में सम्पन्न हुई।

# थाना पवाँरा पुलिस द्वारा तमंचा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर जौनपुर के पर्यवेक्षण में दिनांक 29.10.2022 को थानाध्यक्ष श्री राज नरायन चौरसिया मय



हमराही कर्मचारीगण द्वारा ग्राम भटेवरा से एक तमंचा देशी .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ अभियुक्त शिवशंकर सरोज पुत्र गौरीशंकर सरोज नि0 भटेवरा थाना पवारा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। बरामदशुदा माल के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–114/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । नाम पता अभियुक्त– 1.शिवशंकर सरोज पुत्र गौरीशंकर सरोज नि0 भटेवरा थाना पवारा जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0–009/2018 धारा–60 आबकारी अधिनियम थाना पवाँरा जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–262/2019 धारा–120बी/216ए/307/323/394/411 भादवि व–3/25 आर्म्स एक्ट थाना बरसठी जनपद जौनपुर। 3. मु0अ0सं0 265/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बरसठी जनपद जौनपुर 4. मु0अ0सं0 031/2020 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर अधिनियम थाना बरसठी जनपद जौनपुर 5. मु0अ0सं0 131/2021 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना बरसठी जनपद जौनपुर 6. मु0अ0सं0 114/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना पवाँरा जनपद जौनपुर बरामदगी– एक तमंचा देशी .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर। बरामद करने वाली टीम– 1. थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया थाना पवाँरा जनपद जौनपुर। 2. का0 अभिषेक यादव थाना पवाँरा जनपद जौनपुर। 3. का0 रणविजय यादव थाना पवाँरा जनपद जौनपुर। 4. का0 संजय यादव थाना पवाँरा जनपद जौनपुर। 5. का0 तेज बहादुर थाना पवांरा जनपद जौनपुर।

# थाना बदलापुर जौनपुर द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर व प्र0नि0 बदलापुर जौनपुर के नेतृत्व में उ0नि0 हरिनारायण पटेल मय हमराह हे0का0 नन्द कुमार राय,का0 संदेश कुमार के द्वारा मु0अ0सं0 244/2022 धारा 457/380/411 भादवि के अभियुक्त सिकन्दर गौतम पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम डडवा थाना बदलापुर जौनपुर को मुखबीर की सूचना पर बदलापुर चौराहे पर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.सिकन्दर गौतम पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम डडवा थाना बदलापुर जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.उ0नि0 हरिनारायण पटेल, थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 नन्द कुमार राय, थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 3.का0 संदेश कुमार, थाना बदलापुर जनपद जौनपुर।

## जिलाधिकारी एवं विधायक बदलापुर द्वारा दो दिवसीय बदलापुर महोत्सव की तैयारियों का लिया गया जायजा

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा के द्वारा सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज में चलने वाले दो दिवसीय बदलापुर महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी द्वारा हेलीपैड, टेंट व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रजिस्ट्रार को निर्देशित किया कि महोत्सव के दौरान ढाई सौ जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जाएगा, जिनका मौके पर ही पंजीकरण कर दिया जाए। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह को निर्देशित किया कि महोत्सव के दौरान अच्छे से फागिंग हो, एंटी लॉवा का छिड़काव कराया जाना सुनिश्चित करें और बगल में स्थित तालाब की साफ–सफाई कराएं। जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह को निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी एवं मौके पर ही पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, खंड विकास अधिकारी राजीव सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# देश के विकास के लिए सरदार पटेल के बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत –अरविन्द पटेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला मुख्यालय पर सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के नेतृत्व में लौह पुरुष,भारत रत्न,आधुनिक भारत के निर्माता,अखंड भारत के शिल्पकार,एकता के प्रति मूर्ति, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती के अवसर पर विकास भवन में स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया इस कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत देश की एकता के सूत्रधार थे ऐसे महापुरुष को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है गृह मंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों का विलय की जिम्मेदारी उनको सौंपी गई थी उन्होंने अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करते हुए छोटी–बड़ी रियासतों को भारत में विलय कराया देश के एकता के सूत्रधार थे भारत की राजनीति इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता सरदार पटेल नवीन भारत के निर्माता के राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी के देश के विकास में सरदार पटेल का महत्व को सदैव याद रखा जाएगा देश की आजादी के संघर्ष में उन्होंने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होंने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया था वास्तव में वे आधुनिक भारत के शिल्पी से उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता राजनीतिक तथा तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी उनके ईमानदारी के कारण विश्व के राजनीतिक मानचित्र में उन्होंने



अनोखा स्थान बना लिया भारत की स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान था स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश में उप प्रधानमंत्री,गृह मंत्री,सूचना प्रसारण मंत्री रहे इससे भी बढ़कर उनकी ख्याति भारत के राजवाड़े को शांतिपूर्ण तरीके से भारतीय संघ में शामिल करने तथा भारत की राजनीति के एकीकरण के कारण सरदार पटेल ने भारतीय संघ में उन्हें रियासतों का विलय किया जो सबसे प्रभुता प्राप्त थी उनका अलग झंडा और अलग शासक था आज देश को फिर सरदार पटेल जैसा नेता की आवश्यकता है वर्तमान परिवेश में देखा जाए तो इस समय केंद्र व प्रदेश में चलने वाली सरकार पूरी तरह से विफल है और महापुरुषों के नाम पर राजनीति कर रही है उनके विचार धाराओं पर कार्य करने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनेता को सरदार पटेल से सीख लेनी चाहिए इस कार्यक्रम के दौरान वृजेद्र पटेल,विपिन पटेल,आकाश पटेल,शाहआलम अन्सारी,अजीत पटेल,अर्जुन पटेल,मुन्ना लाल,जगंबहादुर,पप्पू गौतम,विकास,अल्लाऊदीन अन्सारी,मन्ना लाल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उगते सूर्य को अर्ध्य देकर महिलाओं ने किया व्रत का पारण : हर्षोल्लास के साथ हुआ सम्पन्न डाला छठ का पर्व

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सूर्य उपासना के महापर्व पर नदियों, सरोवरों और घरों में लोगों ने सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रत का पारन कर लिया। जौनपुर में गोमती के तट पर बढ़े जल स्तर व घाटों पर मिट्टी के कारण छठ पूजन के लिए पहुंचे लोगों की सांसत तो खूब हुई लेकिन उत्साह कम न हुआ। तमाम लोगों ने घाटों पर ही रात बिताई। रात भर छठी मैया के गीत गाए और बच्चों ने जम कर आतिशबाजी की। घर–मैदान में बनाए घाट–कुंड और वहां पूजन अर्चन की परंपरा का निर्वहन किया। नदी के किनारे सीमित स्थान, व भीड़ से बचने के लिए तमाम लोगों ने घर की छतों या मैदानों में अस्थायी कुंड बनाए और उसमें ही छठ पूजन किया। श्रद्धा के महापर्व पर कई बुजुर्ग हाथ ऐसे दिखे जो अपने बेटों का हाथ पकड़ कर छठ घाट पहुंचे। बहू–बेटियों को पूजन करते देख विभोर हो उठे। बीच–बीच में पूजन की विधि भी बताते रहे। सिर पर फल व पूजन सामग्री का दउरा लिए उनका हाथ पकड़कर सूर्य सरोवर घाट पर परिवार पहुंचा। लोक मानस की आस्था से जुड़े महापर्व डाला छठ पर अस्ताचल भगवान भास्कर की पूजा–आराधना –घरों से घाटों तक लोक के गीत गूंजे तो सोमवार की सुबह उदित सूर्यदेव को दूध–जल की धार समर्पित कर पर्व का समापन हुआ। जय हो सुरुज बाबा की दोहाई दीना नाथ आपन अर्घ्य स्वीकार करीं देवता। पूरा करीं मनसा हमार। ऐसी ही कातर प्रार्थनाओं के साथ लाखों 'अंजुरियां' एक साथ जुड़ीं और नीर–क्षीर की अर्घ्य धार से नदी–तालाबों का पानी दूधिया हो गया। लोक मानस की आस्था से जुड़े सूर्य आराधन के महापर्व डाला छठ का दूसरा दिन और मौका उगते सूर्य को अर्घ्य दान का। सोमवार को सुबह की बेला शुरू होते ही श्रद्धा और आस्था की मजबूत डोर से बंधे लाखों लाख कदम बढ़ चले नदियों और सरोवरों की ओर। जलते हुए दीपक को हाथों की ओट दिए महिलाओं की टोलियां जब बच्चों व बड़े बुजुर्गों के साथ 'कांचहि बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय ' और 'ई बंहगी छठ मइया के जाए ' जैसे परंपरागत मंगल गीतों को स्वर देते घाटों की और बढ़ीं तो लगा मानों 'ज्योतिगंगा' गोमती के तट सहित कुंड–सरोवरों से संगम को मचल उठी हों। कुछ ही देर में जल स्थलों के किनारे एक साथ दीपों की कतार झिलमिला उठीं। रस्म अनुसार दिन भरके कठिन निराजल व्रत के बाद लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान किया और भीगे वस्त्रों में ही अंजुरी से अंजुरी जोड़ कर उदयाचल भगवान सूर्य को अर्घ्य समर्पित किया। उगते हुए सूर्य को अर्घ्यदान के बाद जब श्रद्धालुओं की भीड़ शहर की ओर पलटी तो लगा मानो जन सैलाब उमड़ पड़ा हो। सड़कों पर ट्रैफिक जाम हो गया। घरों में 'रतजगे' की रात रही। आंगन और चौबारे देर सुबह तक मंगल गीतों से गूंजते रहे। पर्व का समापन सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हो गया। व्रती महिलाओं ने एक दिन पूर्व ही छठ मइया का गीत गाते हुए उन्हें चढ़ाने के लिए मीठे पकवान बनाए। सूप व दउरी सजाई और दिन जैसे–जैसे ढलता गया वैसे–वैसे छठ मइया के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वालों से





घाट भरते गए।गोमती के पावन तट स्थित विसर्जन घाट से लेकर हनुमान घाट, सद्भावना पुल के पास तक रंग–बिरंगी साडियों व आभूषणों से सजी–संवरी महिलाएं ही दिखाई दे रही थीं। घाट किनारे महिलाओं ने वेदी सजाई और चार गन्ने खड़े कर घेरा बनाया। कलशे में गंगा जल भर उस पर दीप जलाया गया। सूप–डलिया को जल स्पर्श कराया। एक– दूसरे को सिंदूर लगाकर अक्षय सुहाग की कामना की। शाम से लेकर सुबह तक घाटो पर भारी भीड़ को देखकर जिला प्रशासन भी सतर्क रहा और सुरक्षा के कड़े पहरे लगाये गये थे। पुलिस और मजिस्ट्रेट लगातार व्यवस्था को संभालने में लगे रहे।

# पक्के पोखरे पर धूमधाम से मनाया गया छठ पूजा

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार–धनंजय विश्वकर्मा : सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा जर्रों के पक्के पोखरे पर प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव और मल्हनी ग्रामसभा के प्रधान पति मुकेश अग्रहरी के नेतृत्व में छठ पूजा का आयोजन हुआ जहां छठ व्रती लोग हर्षोल्लास के साथ घाट पर पहुंचे।रविवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। वहीं



सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देखकर व्रत का समापन किया। यह व्रत संतान प्राप्ति व सुखकृशांति के लिए किया जाता है। माताएं–बहनें 36 घंटे का निर्जला व्रत करती हैं। हिंदू धर्म का सबसे बड़ा व्रत अनुष्ठान माना जाता है। कहा जाता है कि जो कोई छठी मैया का निर्मल मन से पूजा अर्चना करता है, उसे संतान प्राप्ति सहित सुख शांति प्रदान होता है। छठ पूजा करने के लिए जर्रों गांव के पक्के पोखरे पर आस–पास गांव के लोग भारी संख्या में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन और गांव के प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव, प्रधान रामवृक्ष बनवासी व मल्हनी प्रधानपति मुकेश गुप्ता, पिंटू अग्रहरी, कल्लू अग्रहरी यूबीआई राहुल कुमार उर्फ गोरख, आदित्य अग्रहरी जितेंद्र गोलू, शनि सेठ, रवि, संतोष, गोलू मोदनवाल, संदीप, विशाल नौनीत यादव, राहुल, गौतम विकास आदि लोग जनसहयोग में उपस्थित रहे।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर एसएसपी ने पुष्प अर्पित कर पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वहां पर मौजूद सभी पुलिस अधिकारियो व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता,अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने की शपथ दिलायी। इस मौके पर उनके अलावा एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह व एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर सहित अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।वही इसी कड़ी में सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने महिला थाना परिसर में ने वहां पर मौजूद समस्त कर्मियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सुरक्षा की शपथ दिलाई।इस मौके पर सीओ सिटी कार्यालय में तैनात कर्मियों के अलावा महिला थाना प्रभारी निशा शुक्ला व अन्य महिला थाना में तैनात पुलिस कर्मी मौजूद रही।इसके अलावा इस अवसर पर जनपद के समस्त थानो/कार्यालयों



पर भी सभी पुलिसकर्मियों कों राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनायें रखने की शपथ दिलाई गई।

# 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनी सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : 34 वाहिनी मुख्यालय पर लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान डा0 राजीव नारायण मिश्र (आई०पी०एस०) सेनानायक सहित समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा सरदार बल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुभारंभ हुआ।माल्यार्पण के पश्चात सेनानायक डॉ मिश्र द्वारा उपस्थित सभी जवानों/कर्मियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गयी तथा 565 रियासतों में बंटा हुआ 1947 का स्वतंत्र भारत, जिसका 1 वर्ष की अल्पावधि में भू राजनीतिक एकीकरण कर, एकीकृत नवभारत का निर्माण करने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से कोटि–कोटि प्रणाम करते हुए उनका स्मरण किया गया।इस कार्यक्रम में विनोद कुमार, उप सेनानायक, ब्रजेश कुमार, दलनायक बी दल, वरुण तिवारी, दलनायक सी दल, बदन यादव,



रणजीत कुमार तिवारी सुबेदार मेजर, विन्ध्यवासिनी पाण्डेय सहायक शिविरपाल सहित वाहिनी पीएसी में उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गति अवरोधक बनाने पर विवाद गांव के मनबढ़ लोगों ने वायुसेना के रिटायर्ड अफसर को पीटा

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : गति अवरोधक बनाने पर विवाद गांव के मनबढ़ लोगों ने वायुसेना के रिटायर्ड अफसर को पीटा वायुसेना के रिटायर्ड अफसर ने जिसकी एसएसपी की और लगाई न्याय की गुहार, आपको बताते चलें कि यह मामला कंही और का नही चर्चित थाना हैदरगंज क्षेत्र के अमिलिया गांव का है। गति अवरोधक बनाने जाने से गांव के नाराज लोगों ने वायुसेना के सेवानिवृत्त वारंट अफसर बालकृष्ण दुबे पर हमला कर दिया। रिटायर्ड अफसर बालकृष्ण दुबे ने इसकी शिकायत एसएसपी से की। दुबे ने बताया कि उनके घर के सामने तेज रफ्तार से वाहन आवागमन करते हैं। बच्चे बाहर खेलते हैं।ऐसे में हादसे से बचाव के लिए घर के सामने गति अवरोधक बनवाया गया है। इससे नाराज गांव के लोग 26 अक्टूबर को उन पर हमला कर दिया हमला करने वालों की पहचान वह विवरण का उल्लेख एसएसपी को सौपे गए प्रार्थना पत्र में किया गया है। रिटायर्ड अफसर बालकृष्ण दुबे ने बताया कि गांव के 4 लोगों ने हमें जमकर मारा पीटा जिसमें मुझे काफी चोटें आई हैं। जिसकी शिकायत लेकर मैं थाने पर गया लेकिन थाने पर कोई सुनवाई नहीं हुई। और ना ही मेरा प्रार्थना पत्र लिया गया। जिसके कारण मुझे एसएसपी दफ्तर जाना पड़ा और वहां पर अपनी तहरीर दी। जिससे मेरी सुनवाई हो सके।

# नहीं थम रहा हरे भरे पेड़ो का कटान : वन विभाग हुआ बेलगाम

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : मामला थाना इनायत नगर क्षेत्र के गंगा सराय का है। नहीं रुक रहा हरे भरे पेड़ों का अवैध कटान वन विभाग के आला अधिकारी मौन दिन दहाड़े हरे पेड़ों पर चल रहा आरा अधिकारियों से बात करने पर नहीं देते सही जानकारी यह मामला इनायत नगर थाना क्षेत्र के गंगा सराय के पास तीन पेड़ गुलर, व एक पेड़ शीशम जो मिली जानकारी के अनुसार पी डब्लू डी में है लेकिन हरे भरे पेड़ पर चला आरा, वहीं वन दरोगा रजनीश तिवारी से जानकारी लेने पर पत्रकारों को कर रहे गुमराह, तो पत्रकारों के द्वारा वन रेंजर प्रमोद श्रीवास्तव से ली गई जानकारी में बताया की मुझे नहीं मालूम उन्होंने वन दरोगा रजनीश तिवारी से जानकारी लेकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दियाध। अब देखने की बात यह है की वन विभाग के आला अधिकारीयों के द्वारा ठेकेदारो पर कोई कार्रवाई की जाती है या लीपापोती की जाती है।

# अवध विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ का चुनाव कल

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में 01 नवम्बर को कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं महामंत्री पद के लिए चुनाव होगा। शनिवार को विश्वविद्यालय के सरदार पटेल प्रशासनिक भवन के प्रथम तल स्थित कुलसचिव सभाकक्ष में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के चुनाव लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्तमंत्री, उप–महामंत्री, संगठन मंत्री व कोषाध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशियों के नाम वापसी के उपरांत घोषणा की गई। जिसमें दोनों कर्मचारी संघ के चुनाव में अध्यक्ष एवं महामंत्री पद के लिए चुनाव होगा। तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए राजेश कुमार पाण्डेय व विपिन कुमार यादव के बीच चुनाव होगा। वहीं महामंत्री पद के लिए श्याम कुमार, राजेश कुमार सिंह, डॉ0 राकेश गुप्ता, मनोज कुमार त्रिपाठी, अमित कुमार दूबे के बीच चुनाव होना है। दूसरी ओर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए राघव राव व जितेन्द्र बहादुर सिंह के बीच चुनाव होगा। महामंत्री पद के लिए शिव कुमार यादव एवं संतोष कुमार कौशल के बीच चुनाव होगा। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के चुनाव में उपाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री, उप महामंत्री, संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष के पदों पर एक ही प्रत्याशी द्वारा नामाकंन दाखिल किए जाने के कारण चुनाव सम्पन्न नही होगा। अविवि के कुलसचिव उमानाथ ने बताया कि विश्वविद्यालय के सरदार पटेल प्रशासनिक भवन के प्रथम तल स्थित कुलसचिव सभाकक्ष में 01 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए मतदान होगा। इसके उपरांत मतगणना व विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जायेगी। इसमें 100 से अधिक नियमित कर्मचारी मतदान करेंगे। इस चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए डॉ0 मोहन चन्द्र तिवारी, विष्णु प्रताप यादव, एवं शरीफ अहमद को नामित किया गया है। इसके अलावा अध्यक्ष/महामंत्री उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ व अध्यक्ष (नव निर्वाचित) तृतीय श्रेणी कर्मचारी परिषद अवध विश्वविद्यालय शामिल है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा प्रधानमंत्री सड़क योजना का र्निमाण कार्य

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अमानीगंज विकास खण्ड के अमरगंज से नागीपुर होते हुए बहादुरगंज संपर्क मार्ग तक चल रहे सड़क निर्माण कार्यक्रम में मानकों की अनदेखी का मामला प्रकाश में आया है , प्रधानमंत्री सड़क योजना निर्माण कार्य का बीडियो सोसल मिडिया पर वायरल होने के बाद किये गये निरीक्षण में सड़क की दयनीय दशा देखने को मिली वही कटैया भादी गांव के निवासी व राहगीरों ने बताया की सड़क की दशा बहुत खराब है सड़क निर्माण कार्य तीन महीने से चल रहा है प्रधानमंत्री सड़क योजना के साथ खिलवाड़ हो रहा है पहले जो पुराने डामर से सड़क बनी थी सड़क को तोड़ा लेकिन डामर को हटाया नहीं उसी के ऊपर गिट्टी बिछा दिए हैं गिट्टी बिछाने के बाद जब से काम चल रहा है सिर्फ एक बार गिट्टी को दबाया गया है ऊपर से कम रेता डाला गया है गिट्टी पूरी तरह से उखड़ जा रही है गिट्टी पर रोड रोलर न चलने के कारण सड़क धंसने की शंका बनी है। गिट्टी की मोटाई मानक के विपरीत पाई गई और गिट्टी के नीचे काले डामर नजर आ रहे थे। इस मामले मे जब प्रधानमंत्री सड़क मार्ग के जेई विन्ध्यादीन पाल से बात की गयी तो उनका कहना था की वायरलवीडियो के आधार पर कमेटी बना दी गयी है जांच के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

# अयोध्या सरयू तट पर हजारों की संख्या में छठ व्रत रखी महिलाओं ने दिया भगवान सूर्य को अर्घ्य

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या राम की नगरी में छठ महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। 4 दिन के इस महापर्व में तीसरे दिन आज व्रती महिलाओं ने सरयु की जलधारा में खड़े होकर डूबते हुए सूरज को अर्घ्य दिया, व्रती महिलाएं पिछले 36 घंटे से निर्जल व्रत है छठ महापर्व के कठिन व्रत में सरयू के घाटों पर जो नजारा था वह भक्तिमय में था। बड़ी संख्या में महिलाओं ने सरयू की जलधारा में खड़े होकर डूबते हुए सूरज को अर्घ्य दिया है कल व्रत के आखिरी दिन व्रती महिलाएं सूर्योदय के समय जलधारा में खड़ी होकर उगते सूरज को जल दिया और इस महापर्व को बड़ी संख्या में सरयू के घाटों पर गाजे–बाजे के साथ छठ महोत्सव मना रही व्रती महिलाएं पहुंची हैं और सरयु की जलधारा में खड़ी होकर सूर्य देव की आराधना की। छठ पूजा वैसे तो बिहार और झारखंड का विशेष पर्व माना जाता है लेकिन राम नगरी अयोध्या में छठ पूजा प्राचीन परंपरा है। ऐसी मान्यता है कि जब भगवान श्री राम माता सीता का विवाह के उपरांत अयोध्या पहुंची थी तो माता सीता ने पहला छठी व्रत अयोध्या में रखा था। अयोध्या में आज भी उसी परंपरा को देखते हुए अयोध्या की रहने वाली सुहागन महिलाएं छठ व्रत के पर्व को भी बड़े ही उत्सव उल्लास के साथ मनाते हैं।छठ महापर्व पर व्रती महिलाओं कहा कि छठ महापर्व बहुत ही अच्छा पर्व है इस महापर्व के व्रत से मनोकामना की पूर्ति होती है, परिवार की कुशलता और अपने देश





के लिए लोग इस व्रत में माता से पूजा करके आशीर्वाद मांगते हैं छठ मां सभी की मनोकामना पूरी करती हैं पूरे श्रद्धा योग से हम इस महापर्व को मनाते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छठ महापर्व पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है भीड़ कंट्रोल ट्रैफिक से लेकर सिविल पुलिस को लगाया गया है इसके अलावा पानी में जल पुलिस और एसडीआरएफ की तैनाती की गई है इसके अलावा छठ पूजा को देखते हुए जितने भी इनपुट हैं उनकी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है जिस से आने वाली भक्तों को कोई कठिनाई का सामना ना करना पड़े।

# डायट अयोध्या में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : डायट अयोध्या की प्राचार्या / उपनिदेशक संध्या श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) सुनील श्रीवास्तव व सभी खंड शिक्षा अधिकारी,सभी डायट मेंटर्स, समस्त ए आर पी एवं सभी एसआरजी की उपस्थिति में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।इस बैठक को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्या ने संध्या श्रीवास्तव ने सभी ए आर पी, एस आर जी और डाइट मेंटर से उनके द्वारा किए गए अक्टूबर माह में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के विषय में विस्तार से चर्चा की तथा विद्यालयों में किए जाने वाले अभिनव प्रयासों के बारे में जानकारी प्राप्त की।वही डायट प्राचार्या ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें कक्षा कक्ष में सभी विद्यालयों में शिक्षण योजना के अनुसार ही शिक्षण कार्य करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित करना है तथा सभी शिक्षक शिक्षण योजना के अनुसार ही शिक्षण कार्य करते हुए नियमित रूप से शिक्षक डायरी भरें और परिवर्धित कक्षा कक्ष में इसे अवश्य लागू करें।जिससे सभी बच्चे सीख सकें। इस मौके पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण सुनील श्रीवास्तव ने सभी को बताया कि जिन विद्यालयों के पास कोलोकेटेड आगनबाड़ी केंद्र हैं वहां के 5 वर्ष से 6 वर्ष के बीच के बच्चों का पंजीकरण प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के माध्यम से प्रेरणा पोर्टल पर किया जाना है जिसमें जनपद अयोध्या की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है



वे सभी ए आर पी , एस आर जी प्रधानाध्यापक से प्रेरणा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।डायट प्राचार्या ने सभी एआरपी से प्रत्येक विकासखंड के न्याय पंचायत वार एवं विषय वार पंचायत का एबीसी अल्फाबेटिकली क्रम में सहयोगात्मक सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करें , जिससे कि किसी भी विकासखंड का कोई भी विद्यालय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण से छूटने ना पाए। इसी कड़ी में एसआरजी डा. अंबिकेश त्रिपाठी ने सभी से विद्यालय में किए जाने वाले पुस्तकालय का नियमित उपयोग एवं संदर्शिका के अनुसार ही कार्य पुस्तिका का प्रयोग करते हुए शिक्षण योजना के आधार पर शिक्षण कार्य करने पर विस्तार से चर्चा की।इस समय संचालित दीक्षा के शिक्षक प्रशिक्षण में अधिक से अधिक अध्यापक प्रतिभाग करें इसके विषय में भी चर्चा की गई। अंत में डायट प्राचार्य द्वारा सभी का आभार प्रकट किया।

# अयोध्या में छठ महापर्व पर उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : हमारा देश एक त्योहारों का देश है। यहाँ पर भाँति–भाँति के त्योहार मनाए जाते हैं।नव संवत्सर की शुरुआत चौत्र प्रतिपदा से सूर्य की गति बदलने से होती है। महाराष्ट्र में इसे ''गुड़ी पड़वा'' आंध्र प्रदेश में ''युगादि तिथि'' सिंधा प्रांत में '' चेटी चंडो'' और कश्मीर में ''नवरोज'' नाम से जाना जाता है। इससे ही नव जीवन की शुरुआत होती है। हमारे त्योहार मौसम परिवर्तन की सूचना भी देते हुए प्रतीत होते हैं ।वर्ष में छः ऋतुएँ होती हैं। शीत, शरद ,वसंत, हेमंत, ग्रीष्म, वर्षा और शिशिर। पर्यावरण और पर्वों का घनिष्ठ संबंध है। इन पर्वों ने हमारे पर्यावरण को और पर्यावरण ने इन पर्वों को अनेक रूपों में प्रभावित किया है। जब फूलों पर बहार आ जाती है। खेतों में सरसों के फूल लहराने लगते हैं। जौ और गेहूँ की बालियाँ पकने लगती हैं। आम के पेड़ों पर बौर आ जाते हैं और हर तरफ भंवरे और तितलियाँ मंडराने लगती हैं, तब बसंत पंचमी का त्यौहार आता है ।वसंत ऋतु में मानव तो क्या पशु–पक्षी तक उल्लास से भर जाते हैं। यह प्रेम की अभिव्यक्ति का दिवस भी माना जाता है । भारतीय धार्मिक पुराणों के अनुसार गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इस दिन स्वर्ग से गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था, इसलिए ही इस दिन गंगा स्नान करना महा पुण्य का कार्य पर माना जाता है। छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। षष्ठी तिथि एक विशेष अवसर है इस समय सूर्य की पराबैंगनी किरणें पृथ्वी की सतह पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्र हो जाती हैं ।उसके संभावित कुप्रभावों से मानव की यथासंभव रक्षा करने की सामर्थ्य इस परंपरा में सन्निहित है। छठ पर्व के पालन से सूर्य पराबैगनी किरण के हानिकारक प्रभाव से जीवों की रक्षा करने का प्रयास करता है। होली का त्योहार भी मौसम परिवर्तन और पर्यावरण से संबंधित है ।शरद ऋतु की समाप्ति और वसंत ऋतु के आगमन का यह काल पर्यावरण और शरीर में बैक्टीरिया की वृद्धि को बढ़ा देता है। इसलिए आग और साफ सफाई का महत्व बढ़ जाता है ।होलिका दहन किया जाता है, ताकि जीव जंतुओं की रक्षा हो सके। शीतला अष्टमी का पर्व माता शीतला का किसी न किसी रूप में पूजन करने से सम्बंधित होता है। हिंदू ग्रंथों में केवल शीतला अष्टमी का व्रत ही ऐसा है जिसमें बासी भोजन किया जाता है। शीतला माता का मंदिर वटवृक्ष के समीप ही होता है ।शीतला माता के पूजन के बाद वट वृक्ष का पूजन किया जाता है। इससे चेचक माता जैसे रोगों से रोकथाम का प्रयास किया जाता है। गोवर्धन पूजा का भी पर्यावरण से गहरा संबंधा है। यह त्यौहार भी प्रकृति पूजा से जुड़ा हुआ है। श्री कृष्ण ने इंद्र की पूजा बंद कराकर प्रकृति की पूजा अर्थात गोवर्धन की पूजा करने की प्रथा प्रारंभ की थी। श्री कृष्ण जी के समय से ही गाय और गोवर्धन पूजा का प्रचलन बढ़ गया ।कार्तिक शुक्ल अष्टमी को ''गोपाष्टमी'' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर उसके समीप विराजमान कृष्ण के सम्मुख गाय तथा ग्वाल बालों की रोली, चावल ,फुलझड़ी दही तथा तेल का दीपक जलाकर पूजा और परिक्रमा की जाती है ।ग्रामीण क्षेत्रों में अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है। क्योंकि इस दिन नए अनाज की शुरूआत भगवान को भोग लगाकर की जाती है। अतः हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि पर्व और पर्यावरण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है ।दोनों ही एक दूसरे से संबंधित हैं। हमें अपने पर्वों को मनाते समय पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखना चाहिए ।दीपावली के पर्व पर सरसों के तेल के दीपक अथवा शुद्ध देसी घी के दीपक जलाकर पर्यावरण को साफ और स्वच्छ बनाने का प्रयास करना चाहिए ।आतिशबाजी करके अपने पर्यावरण को विषैले धुंवें से नहीं भरना चाहिए। जब हम पर्यावरण के प्रति जागरूक होंगे तो पर्वों को मनाने का उत्साह और खुशी दोगुनी हो जाएगी ।पर्यावरण संरक्षण में ही पर्वों को मनाने का सार्थक संदेश निहित है।

# एसएसपी ने तीन निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किया फेरबदल

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने गोशाईगंज प्रभारी निरीक्षक के के मिश्रा को थाना पूराकलंदर का प्रभार सौंपा।जबकि रौनाही थाना पर रहे प्रभारी निरीक्षक अक्षय कुमार को थाना गोशाईगंज का प्रभारी निरीक्षक बनाया।उन्होंने फेरबदल में अपराधा शाखा में तैनात संतोष कुमार सिंह को थाना रौनाही का प्रभारी निरीक्षक का दायित्व सौंपा। मालूम हो कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने भाजपा नेता से चालीस हजार रुपये घूस लेने के आरोप में पूराकलंदर थाना पर तैनात प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह को जहां एक ओर लाइन हाजिर कर दिया वहीं तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया था।

## खाकी वाले गुरुजी के स्कूल में गरीब बच्चों को शिक्षा देकर पेन पेंसिल कॉपी वितरण कर कराया जलपान

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : खजुवा कुंड गांव में खाकी वाले गुरु जी के स्कूल में निशुल्क पढ़ रहे गरीब बच्चों को मां शांति सेवा फाउंडेशन के संरक्षक बसंत राम के संस्था अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी एवं सहयोगी सदस्य अरुण कुमार सिंघल उप निरीक्षक रणजीत यादव



के नेतृत्व में सदस्य विनय प्रकाश मौर्य देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने सुबह–सुबह पहुंचकर बच्चों को जलपान कराया।वही इस मौके पर इसके साथ ही साथ वहां पर मौजूद सभी सदस्यों ने शिक्षा देकर उनका मनोबल बढ़ाने का काम किया।बच्चों के साथ सभी सदस्यों ने शिक्षा के प्रति जागरूक कर मनोबल बढ़ाते हुए बच्चों को पेन पेंसिल कॉपी वितरण किया।संस्था के संरक्षक बसंत राम ने बताया कि सेवा भाव लाभ के लिए नहीं आत्म तृप्ति के लिए किया जाता है। इस मौके पर बच्चों ने अपने कुछ जरूरत की आवश्यकताएं बताई जिस पर अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बच्चों को आश्वासन दिया जल्दी आवश्यकता ओं को पूरी की जाएगी सहयोग में जतिन अवस्थी, निहारिका त्रिपाठी, नैंसी अवस्थी, सूरज चौधरी, प्रांजलि चौधरी, इंद्रजीत रहे।

# रिजर्व पुलिस लाइन अयोध्या में पुलिस द्वारा एकता दौड़ का हुआ आयोजन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : सोमवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया।इस मौके पर जहां एक ओर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत



वर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को एकता,अखंडता व सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाया।वही इसी कड़ी में क्षेत्राधिकारी लाइन्स द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में रन फार यूनिटी दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एकता दौड़ निकालकर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा बनाये रखने का संदेश दिया।इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन के अलावा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्री–पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षाएं 12 नवम्बर से

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की प्री–पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षाएं 12 नवम्बर से प्रारम्भ होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि प्री–पीएचडी कोर्स वर्क सत्र 2020–21 की परीक्षाएं 12 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से 02 बजे तक होगी। इसमें प्रथम प्रश्न–पत्र कम्प्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा होगी। वहीं 13 नवम्बर को रिसर्च मैथडोलॉजी द्वितीय प्रश्न–पत्र की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर होगी। इससे संबंधित अभ्यर्थी 09 व 10 नवम्बर को विश्वविद्यालय से प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा परीक्षा कार्यक्रम से आवासीय परिसर, महाविद्यालयों के प्राचार्यों को अवगत कराने के साथ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।